कोविड-19 डायग्नोस्टिक और एंटीबॉडी परीक्षण

मुफ़्त कोविड-19 डायग्नोस्टिक परीक्षण

कोविड-19 डायग्नोस्टिक परीक्षण सुरक्षित, मुफ़्त और आसान है। नाक के स्वैब, मुँह के स्वैब या लार के नमूने का उपयोग किया जा सकता है।

शहर भर में 100 से अधिक सुविधाजनक कोविड-19 डायग्नोस्टिक परीक्षण स्थान हैं। आपके नज़दीक परीक्षण स्थान खोजने के लिए **यहाँ क्लिक करें**।

किसका परीक्षण किया जा सकता है?

निम्नलिखित परिस्थितियों में परीक्षण करवाएँ:

- यदि आप अपने परिवार की रक्षा करना चाहते हैं और अपनी रक्षा करना चाहते हैं
- यदि आपको कोविड-19 के लक्षण जैसे बुखार, खांसी, सांस की तकलीफ या स्वाद या गंध की कमी है
- यदि आप पॉज़िटिव परीक्षण वाले किसी व्यक्ति के निकट संपर्क में रहे हैं
- यदि आप प्रमुख सेवाओं के प्रथम सेवक या स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं
- यदि आप नर्सिंग होम, आश्रय स्थाल या वयस्क देखभाल केंद्र में काम करते हैं

परिणाम में कितना समय लगता है?

अधिकांश परिणाम लगभग 48 घंटों में मिल जाते हैं।

क्या मुझे बीमा की आवश्यकता है?

डायग्नोस्टिक टेस्ट कराने के लिए आपको बीमा की आवश्यकता नहीं है।

गोपनीयता

आपके परीक्षण के परिणाम गोपनीय रहते हैं।

कोविड-19 एंटीबॉडी परीक्षण

कोविड-19 एंटीबॉडी परीक्षण एंटीबॉडी — आपके रक्त में संक्रमण से लड़ने वाले प्रोटीन को खोजने के लिए एक रक्त परीक्षण है। परीक्षण आपकी उंगली के माध्यम से किया जाता है। एंटीबॉडी के लिए पॉज़िटिव परीक्षण ज़रूरी नहीं कि प्रतिरक्षा का संकेत हो।

कोविड-19 एंटीबॉडी परीक्षण कहाँ से करवाना हैं इस बारे में जानकारी के लिए **कोविड-19 शहरव्यापी सूचना पोर्टल** पर जाएँ।

कौन भाग ले सकता है?

आपको निम्नलिखित परिस्थितियों में एंटीबॉडी परीक्षण करवाना चाहिए:

- यदि आपको कोविड-19 के लक्षण नही हैं
- यदि आप पिछले दो हफ्तों में बीमार नहीं पड़े हैं
- यदि पिछले दो सप्ताह में आपका कोविड-19 परीक्षण पॉज़िटिव नही आया है

लाभ

आपको पता चलेगा कि क्या आपको कोविड-19 था और आप वायरस से लड़ने के लिए टीकों और अन्य तरीकों के अनुसंधान करने में सहायता करेंगे।

परिणाम में कितना समय लगता है?

परिणाम में लगभग 48 घंटे लगते हैं।

क्या मुझे बीमा की आवश्यकता है?

एंटीबॉडी टेस्ट के लिए आपको बीमा की आवश्यकता है।

गोपनीयता

आपकी सारी जानकारी गोपनीय रहती है।